**26/2024**

**Roll No.** | | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilator*

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–II** **Question Booklet No.**

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks: 200*

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the Question Booklet will be given to you. In the first 5 (five) minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet Number is identical with OMR Sheet Number; if not, the full set is to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One Hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.
   *Example:* (A) (B) ● (D), where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator, mobile phone, electronic devices/gadgets etc. is strictly prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answer.**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश***

1. इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के उपर तथा OMR पत्रक पर भी नियत स्थान पर अपना रोल नंबर (क्रमांक संख्या) लिखें।
2. परीक्षा प्रारंभ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जांच के लिए दिए जाएंगे, जिसकी जांच आपको अवश्य करनी है:
   (क) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके आवरण (कवर) पृष्ठ पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टिकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ख) दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/ प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल (क्रम) में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिए जाएंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
   (ग) प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या का OMR की क्रम संख्या के साथ मिलान कर लें, यदि दोनों की क्रम संख्या में मेल ना हो तो उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका और OMR ले लें।
   (घ) इस जांच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
3. इस प्रश्न-पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए *दो* अंक निर्धारित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिए गए हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   *उदाहरण* : (A) (B) ● (D) जहां (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल दिए गए OMR पत्रक पर ही निर्धारित स्थान पर अंकित करना है। यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. रफ (कच्चा) कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर करें।
7. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नंबर, फोन नंबर या कोई भी ऐसी चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं अथवा कोई भी अनैतिक कार्य करते हैं जैसे OMR को खुरचना या उसपर सफेद स्याही का प्रयोग करना, तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं।
8. OMR पत्रक को किसी-भी प्रकार से मोड़ने या नष्ट करने का प्रयास ना करें। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपकी OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएं। यद्यपि आप परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न-पुस्तिका और OMR पत्रक की डुप्लिकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल काले बॉल पॉइंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर), मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।**

**The Question Booklet is encrypted with QR code for security purpose.**

## HINDI

**1.** *स्थापना* (*A*) : नाटक केवल चाक्षुष यज्ञ है।
*तर्क* (*R*) : आधुनिक मान्यता है कि नाटक में दृश्य की अपेक्षा श्रव्य तत्व कम महत्त्वपूर्ण होता है।

*कूट*:

(A) (*A*) और (*R*) दोनों सही।
(B) (*A*) और (*R*) दोनों गलत।
(C) (*A*) गलत, (*R*) सही।
(D) (*A*) सही, (*R*) गलत।

**2.** 'हिंदी: उद्‌भव, विकास और रूप' नामक पुस्तक के लेखक हैं

(A) गौरीशंकर हीराचंद ओझा
(B) उदयनारायण तिवारी
(C) हरदेव बाहरी
(D) चन्द्रभान रावत

**3.** फोर्ट विलियम कॉलेज के हिन्दुस्तानी विभाग के किस अध्यक्ष ने भाषा नीति बदल दी और उर्दू के स्थान पर हिन्दी को रख दिया?

(A) विलियम प्राइस
(B) गिलक्राइस्ट
(C) ग्रियर्सन
(D) फ्रेजर

**4.** कविता की पंक्ति के साथ शीर्षक को सुमेलित कीजिए:

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) मेरे देश की संसद मौन है | (i) मोचीराम |
| (b) और तुम हो, विपक्ष में बेकारी और नींद से परेशान | (ii) रोटी और संसद |
| (c) कोई आदमी जूते की नाप से बाहर नहीं है | (iii) अकाल दर्शन |
| (d) इस देश में एकता युद्ध की और दया अकाल की पूँजी है | (iv) नक्सलबाड़ी |

*कूट*:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**5.** ''बहुत लोग यह कहेंगे कि हमको पेट के धंधे के मारे छुट्टी ही नहीं रहती बाबा, हम क्या उन्नति करें? तुम्हारा पेट भरा है तुमको दूर की सुझती है।''– इस अंश का लेखक कौन है?

(A) भारतेन्दु हरिशचंद्र
(B) नेमिचंद्र जैन
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) बालकृष्ण भट्ट

**6.** अंधा युग के निम्नलिखित संवादों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए–

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) वध मेरे लिए नहीं रही नीति वह है अब मेरे लिए मनोग्रंथि | (i) वृद्ध याचक |
| (b) आज इस पराजय की बेला में सिद्ध हुआ झूठ थी सारी अनिवार्यता भविष्य की | (ii) युयुत्सु |
| (c) अन्तिम परिणति में दोनों जर्जर करते हैं पक्ष चाहे सत्य का हो अथवा असत्य का | (iii) धृतराष्ट्र |
| (d) गूंगो के सिवा आज और कौन बोलेगा मेरी जय | (iv) गांधारी |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**7.** 'शब्दार्थौ सहितौ वक्र कवि व्यापारशालिनी'– वक्रता रूप में काव्य को इनमें से किसने देखा?

(A) महिमभट्ट

(B) प्रभाकर भट्ट

(C) कुंतक

(D) भट्टनायक

**8.** जॉन स्टुअर्ट मिल की पुस्तक 'ऑन लिबर्टी' का 'स्वाधीनता' शीर्षक से किस लेखक ने अनुवाद किया?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) प्रतापनारायण मिश्र

**9.** कविता की पंक्ति के साथ कवि को सुमेलित कीजिए:

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) हमरे कौन जोग व्रत साधै | (i) चंद बरदाई |
| (b) सुधामुखि के बिहि निरमिल बाला | (ii) सूरदास |
| (c) दुलहिन अँगिया काहे न धोवाई | (iii) विद्यापति |
| (d) मिले सब्ब सामंता मत्त मड्यौ, सुनरेसुर | (iv) कबीरदास |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**10.** 'अनामदास का पोथा' का प्रकाशन वर्ष–

(A) 1972 ई०

(B) 1974 ई०

(C) 1976 ई०

(D) 1978 ई०

**11.** ''मानव कब दानव से दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर, करुणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता, अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों''– यह किस का संवाद है?

(A) चाणक्य

(B) चन्द्रगुप्त

(C) सिंहरण

(D) आम्भीक

**12.** आई० ए० रिचर्ड्स की पुस्तकों का सही कालक्रम है:

(A) दि प्रिंसिपुल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म, दि मीनिंग ऑफ मीनिंग, साइंस एण्ड पोइट्री, दि फाउण्डेशंस ऑफ ईस्थेटिक्स

(B) दि मीनिंग ऑफ मीनिंग, साइंस एण्ड पोइट्री, दि फाउण्डेशंस ऑफ ईस्थेटिक्स, दि प्रिंसिपुल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म

(C) साइंस एण्ड पोइट्री, दि मीनिंग ऑफ मीनिंग, दि फाउण्डेशंस ऑफ ईस्थेटिक्स, दि प्रिंसिपुल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म,

(D) दि फाउण्डेशंस ऑफ ईस्थेटिक्स, दि मीनिंग ऑफ मीनिंग, दि प्रिंसिपुल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म, साइंस एण्ड पोइट्री

**13.** किशोरलाल मशरूवाला ने गाँधीवाद को तीन भागों में विभाजित किया है– वर्णव्यवस्था, ट्रस्टीशिप तथा

(A) मानवतावाद

(B) आध्यात्मवाद

(C) अहिंसा वृत्ति

(D) विकेन्द्रीकरण

**14.** रचनाकाल के अनुसार रचनाओं का सही क्रम है–

(A) सतरंगे पंखोंवाली, पुरानी जूतियों का कोरस, तालाब की मछलियाँ, खिचड़ी विप्लव देखा हमने

(B) सतरंगे पंखोंवाली, तालाब की मछलियाँ, खिचड़ी विप्लव देखा हमने, पुरानी जूतियों का कोरस

(C) तालाब की मछलियाँ, सतरंगे पंखोंवाली, खिचड़ी विप्लव देखा हमने, पुरानी जूतियों का कोरस,

(D) तालाब की मछलियाँ, खिचड़ी विप्लव देखा हमने, सतरंगे पंखोंवाली, पुरानी जूतियों का कोरस

**15.** इनमें से कौन–सी कृति अमृतलाल नागर की है?

(A) दादा कामरेड

(B) राग दरबारी

(C) मुझे चाँद चाहिए

(D) सुहाग के नूपुर

**16.** ''श्रेष्ठ नाटक कविता के समान ही भाषा की व्यंजना शक्ति का, बिम्बमयता का, सघनता और तीव्रता का, संगीत और लय का, शब्द और अभिव्यक्ति की अनिवार्यता का उपयोग करता है''– यह कथन किस समीक्षक का है?

(A) गिरीश रस्तोगी

(B) दशरथ ओझा

(C) नेमिचंद जैन

(D) देवेन्द्रराज अंकुर

**17.** 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक थे–

(A) काका कालेलकर

(B) शारदाचरण मित्र

(C) सतीशचन्द्र विद्याभूषण

(D) महाराजा प्रतापनारायण सिंह

**18.** एडलर ने 'काम' की जगह किसे महत्व दिया है?

(A) प्रेम

(B) विचार

(C) अन्तर्द्वन्द्व

(D) अहम

**19.** रचनाकाल के अनुसार रचनाओं का क्रम है–

(A) कुरुक्षेत्र, उर्वशी, आत्मा की आँखें, रश्मिरथी

(B) कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, आत्मा की आँखें

(C) रश्मिरथी, उर्वशी, कुरुक्षेत्र, आत्मा की आँखें

(D) रश्मिरथी, आत्मा की आँखें, कुरुक्षेत्र, उर्वशी

**20.** ''गँवई गंध गुलाब'' ललित निबंध के लेखक कौन हैं?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) विवेकी राय

(C) हरिशंकर परसाई

(D) बनारसी दास चतुर्वेदी

**21.** ''वह न जानती थी कि घड़ी मशीन है और इंसान मशीन नहीं। जब इंसान मशीन बन जाएगा तो वह दीन–दुनिया के लिए सब से बड़े खतरे की दिन होगा''– उपर्युक्त संवाद किस का है?

(A) अरविन्द

(B) श्रीपत

(C) जगमोहन

(D) मनोज

**22.** 'अतिशयता' को व्यंजित करनेवाला संप्रदाय है–

(A) ध्वनि संप्रदाय

(B) रस संप्रदाय

(C) अलंकार संप्रदाय

(D) औचित्य संप्रदाय

**23.** राममनोहर लोहिया की पुस्तक है–

(A) आजादी आधी रात को

(B) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का इतिहास

(C) भारत विभाजन के गुनहगार

(D) भारत विभाजन

**24.** रससिंगार मंजनु किए कंजनु भंजनु दैन
अंजनु रंजनु हूँ बिना खंजनु गंजनु नैन–
इन पंक्तियों का भाव है–

(A) विरहिणी नायिका का चित्रण

(B) नायिका का नख शिख वर्णन

(C) नायिका की आँखों की प्रशंसा

(D) नायक–नायिका की चेष्टा का वर्णन

**25.** निम्नलिखित में से कौन–सा निबंध रामचंद्र शुक्ल का नहीं है?

(A) मानस की धर्म–भूमि

(B) हिंदी कविता

(C) कविता क्या है

(D) उत्साह

**26.** रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम है —

(A) भारत दुर्दशा, अंधा युग, एक और द्रोणाचार्य, सिन्दूर की होली

(B) सिन्दूर की होली, भारत दुर्दशा, एक और द्रोणाचार्य, अंधा युग

(C) भारत दुर्दशा, सिन्दूर की होली, अंधा युग, एक और द्रोणाचार्य

(D) भारत दुर्दशा, अंधा युग, एक और द्रोणाचार्य, सिन्दूर की होली

**27.** 'पकरि सकै नहिं ताही' — इस वाक्य की क्रिया है:

(A) अवधारणबोधक क्रिया

(B) नित्यताबोधक क्रिया

(C) शक्तिबोधक क्रिया

(D) निरंतरताबोधक क्रिया

**28.** डॉ० अम्बेडकर द्वारा लिखित 'अनाइहिलेशन ऑफ कास्ट' (जाति का विनाश) नामक पुस्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(A) 1930 ई०

(B) 1932 ई०

(C) 1934 ई०

(D) 1936 ई०

**29.** ''अबुझा लोग कहाँ लौ बुझै बूझनहार बिचारो
केते रामचंद्र तपसी से जिन जग यह भरमाया
केते कान्ह भये मुरलीधर तिन भी अंत न पाया
मच्छ–कच्छ बाराह स्वरूपी वामन नाम धराया''
— इन पंक्तियों का भाव है

(A) निर्गुण ईश्वर का विरोध

(B) ईश्वर के अवतारों के बारे में बताना

(C) ज्ञान का महत्व

(D) मूर्तिपूजा का विरोध

**30.** 'महाभोज' का प्रकाशन वर्ष है–

(A) 1976 ई०

(B) 1972 ई०

(C) 1979 ई०

(D) 1975 ई०

**31.** 'अंधा युग' नाटक के अंकों का सही अनुक्रम है:

(A) कौरव नगरी, पशु का उदय, अशत्थामा का अर्द्ध सत्य, गांधारी का शाप

(B) कौरव नगरी, पशु का उदय, गांधारी का शाप, अशत्थामा का अर्द्ध सत्य

(C) कौरव नगरी, अशत्थामा का अर्द्ध सत्य, पशु का उदय, गांधारी का शाप

(D) पशु का उदय, कौरव नगरी, अशत्थामा का अर्द्ध सत्य, गांधारी का शाप

**32.** 'ध्वन्यालोकलोचन' नामक ग्रंथ के रचयिता हैं:

(A) आनन्दवर्धन

(B) उद्भट

(C) प्रतिहारेन्दुराज

(D) अभिनवगुप्त

**33.** ''कोई भी लेखक न तो सम्पर्क–सम्बन्धविहीन हो सकता है, न परिवेश निरपेक्ष।''

(A) अरे यायावर रहेगा याद

(B) मुर्दहिया

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(D) एक कहानी यह भी

**34.** 'असाध्य वीणा' में वीणा के बजने का संगीत राजा को किसप्रकार महसूस हुआ?

(A) बादल के छँटाव में एक कौंध–सा उपदेश

(B) यश की देवी का जैसे वरमाला हाथ में लेकर मंगल गीत गाना

(C) नई वधू की पायल की सहमी–सी ध्वनि

(D) तिजोरी से भरे होने की खनक

**35.** ''तो फिर अपना इलाका हमें क्यों नहीं दे देते! हम अपने खेत, बैल, हल, कुदाल सब उन्हें देने को तैयार हैं। करेंगे बदला?'' किस उपन्यास का अंश है?

(A) रंगभूमि

(B) गोदान

(C) वरुण के बेटे

(D) तमस

**36.** ''पैरों के नीचे जलधर हों, बिजली से उनका खेल चले,
संकीर्ण कगारों के नीचे, शत–शत झरने बेमेल चले,
सन्नाटे में हो विकल पवन, पादप निज पद हों चूम रहे,
तबभी गिरि–पथ का अथक पथिक, ऊपर उँचे सब झेल चले।''
उपर्युक्त गीत किसने गाया है?

(A) मन्दाकिनी

(B) विजया

(C) देवसेना

(D) अलका

**37.** अपभ्रंश की सामान्य वर्तमानकालिक क्रिया 'चलहि' या 'चलहु' का पुरुष हैं:

(A) उत्तम पुरुष

(B) मध्यम पुरुष

(C) अन्य पुरुष

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** ''हमारे छोटे से छोटे अनुभव में मानवता का सारा इतिहास छिपा रहता है।'' यह उद्धरण किस पुस्तक से लिया गया है?

(A) आवारा मसीहा

(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(C) प्रेमचंद : घर में

(D) एक साहित्यिक की डायरी

**39.** 'काम मंगल से मंडित श्रेय
सर्ग इच्छा का है परिणाम
तिरस्कृत कर उसको तुम भूल
बनाते हो असफल भवधाम'–
'कामायनी' के किस सर्ग की पंक्तियाँ हैं?

(A) श्रद्धा

(B) काम

(C) इडा

(D) कर्म

**40.** ''पगडंडियों का जमाना'' का रचनाकार कौन है?

(A) रामविलास शर्मा

(B) निर्मल वर्मा

(C) हरिशंकर परसाई

(D) नेमिचंद जैन

**41.** ''विधवा-विवाह हो रहा है–लेकिन वेधव्य कहाँ मिट रहा है? अभी तक केवल वैधव्य की समस्या थी– अब तलाक की समस्या भी आ रही है''— उक्त कथन किस नाटक का है?

(A) बकरी

(B) महाभोज

(C) सिन्दूर की होली

(D) ध्रुवस्वामिनी

**42.** 'काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते'— अलंकार की यह परिभाषा किसकी है?

(A) भामह

(B) दण्डी

(C) उद्‌भट

(D) भट्टतौत

**43.** 'अरे यायावर रहेगा याद' के तीन अनुक्रम हैं– 'परशुराम से तूरखम', 'किरणों की खोज में,' तथा 'देवताओं के अंचल में' चौथा अनुक्रम बताइए–

(A) मौत की घाटी में

(B) एलुरा

(C) माझुली

(D) बहता पानी निर्मला

**44.** इन्द्र द्वारा कर्ण से कवच-कुंडल माँगने का प्रसंग 'रश्मिरथी' के किस सर्ग में मिलता है?

(A) तृतीय

(B) सप्तम

(C) पंचम

(D) चतुर्थ

**45.** 'सूनी घाटी का सूरज' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1992 ई०

(B) 1987 ई०

(C) 1972 ई०

(D) 1986 ई०

**46.** ''नहीं बरदाश्त है, तो बुलाती क्यों हो ऐसे लोगों को घर में कि जिनके आने से — ? जिनके आने से हम जितने छोटे हैं, उससे और छोटे हो जाते हैं अपनी नजर में —'' 'आधे-अधूरे' के किस पात्र का यह कथन है?

(A) पुरुष एक

(B) पुरुष चार

(C) लड़का

(D) छोटी लड़की

**47.** 'कित्तो-जित्तो' जैसा सार्वनामिक विशेषण किस भाषा का है?

(A) बघेली

(B) मेवाती

(C) पहाड़ी

(D) ब्रजभाषा

**48.** 'आवारा मसीहा' के प्रथम पर्व का शीर्षक है—

(A) उद्‌गम

(B) प्रस्तुति

(C) आगमन

(D) दिशाहारा

**49.** *स्थापना* (*A*) : छायावाद उस राष्ट्रीय जागरण की अभिव्यक्ति है, जो एक ओर पुरानी रूढ़ियों से मुक्ति चाहता था और दूसरी ओर विदेशी पराधीनता से।

*तर्क* (*R*) : छायावादी कवि रूढ़ियों का विद्रोह साहित्यिक एवं सामाजिक स्तर पर बराबर करते रहे।

*कूट*:

(A) (*A*) सही, (*R*) सही

(B) (*A*) गलत, (*R*) गलत

(C) (*A*) सही, (*R*) गलत

(D) (*A*) गलत, (*R*) सही

**50.** ''मेरा विश्वास है कि कल नहीं तो परसों हम अर्थात् पुरानी पीढ़ी का युवा और मेरे बालखिल्य छात्र-छात्राएँ अर्थात् नई युवा पीढ़ी दोनों मिलकर इस शासन एवं व्यवस्था के पुतली घर की नृत्य कन्याओं के कत्थक नृत्य को साथ-साथ संचालित करेंगे''। यह अंश किस लेखक का है?

(A) विवेकी राय

(B) कुबेरनाथ राय

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) अध्यापक पूर्ण सिंह

**51.** हिन्दी में साहित्येतिहास-लेखन की सर्वाधिक लोकप्रिय पद्धति कौन-सी रही है?

(A) विधेयवादी पद्धति

(B) वर्णानुक्रम पद्धति

(C) सांस्कृतिक पद्धति

(D) कालानुक्रमी पद्धति

**52.** *स्थापना* (*A*) : अरस्तू ने यह प्रतिपादित किया कि काव्य से उत्पन्न आनंद न तो मन के लिए अहितकर है और न आत्मा के लिए; न व्यक्ति के लिए और न समाज के लिए।

*तर्क* (*R*) : कवि से गणतंत्र को कोई खतरा नहीं है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही, (*R*) गलत

(B) (*A*) सही, (*R*) सही

(C) (*A*) गलत, (*R*) सही

(D) (*A*) गलत, (*R*) गलत

**53.** 'संस्कृति के चार अध्याय' के चतुर्थ अध्याय का शीर्षक है –

(A) प्राचीन हिन्दुत्व से विद्रोह

(B) भारतीय संस्कृति और यूरोप

(C) हिन्दू संस्कृति और इस्लाम

(D) हिन्दू संस्कृति का आविर्भाव

**54.** निम्नलिखित पात्रों के साथ कहानी को सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) बंशीधर | (i) ईदगाह |
| (b) नरेन्द्र | (ii) एक टोकरी भर मिट्टी |
| (c) विधवा | (iii) कानों में कंगना |
| (d) अमीना | (iv) दुलाईवाली |

*कूट*:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**55.** ''मैं नहीं जानता देवि, मैंने इतना ही सुना है कि कोई युगतभद्र नामक भिक्षु पास के विहार में रहते हैं।'' इस कथन का लेखक कौन है?

(A) जगदीशचंद्र

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) श्रीलाल शुक्ल

(D) अमृतलाल नागर

**56.** भारतेन्दु की किस रचना में खड़ी बोली का प्रयोग हुआ है?

(A) प्रेममालिका

(B) गीत गोबिन्दानंद

(C) दशरथ विलाप

(D) उर्दू का स्यापा

**57.** देवनागरी के कंप्यूटरीकरण का श्रेय जाता है:

(A) आई० आई० टी०, खड़गपुर को

(B) आई० आई० टी०, मद्रास को

(C) आई० आई० टी०, दिल्ली को

(D) आई० आई० टी०, कानपुर को

**58.** 'प्रेमचंद : घर में' पुस्तक के आधार पर प्रेमचंद घर से चुनारगढ़ किसके साथ पहुँचे?

(A) विजय बहादुर
(B) विनय बहादुर
(C) राय बहादुर
(D) अजय बहादुर

**59.** निम्नलिखित कहानी संग्रहों के साथ रचनाकारों को सुमेलित किजिए:

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) क्षणजीवी | (i) जयशंकर प्रसाद |
| (b) अगिनखोर | (ii) राधिका रमण प्रसाद सिहं |
| (c) प्रतिध्वनि | (iii) ज्ञानरंजन |
| (d) गाँधी टोपी | (iv) फणीश्वरनाथ रेणु |

*कूट*:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**60.** 'कँटीले तारों के आर–पार' के लेखक कौन हैं?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) विद्यानिवास मिश्र

**61.** रीतिमुक्त कविता की प्रमुख प्रवृत्ति है—

(A) स्वानुभूति और स्वच्छन्दता
(B) कविशिक्षा
(C) अंलकृति
(D) विरोध वैचित्र्य

**62.** 'अनुप्रासयुक्त रसवाही भाषा' विषयक विशेषता किस काव्यगुण में पायी जाती है?

(A) प्रसाद गुण
(B) ओज गुण
(C) माधुर्य गुण
(D) कान्ति गुण

**63.** 'मेरी तिब्बत यात्रा' पुस्तक में 'तिब्बत में चौथी बार' का वर्ष क्या है?

(A) 1929 ई०
(B) 1930 ई०
(C) 1938 ई०
(D) 1935 ई०

**64.** रचनाकाल के अनुसार निर्मल वर्मा के कहानी संग्रहों का सही क्रम है—

(A) परिंदे, पिछली गर्मियों में, बीच बहस में, कव्वे और काला पानी
(B) परिंदे, बीच बहस में, कव्वे और काला पानी, पिछली गर्मियों में
(C) परिंदे, कव्वे और काला पानी, बीच बहस में, पिछली गर्मियों में
(D) कव्वे और काला पानी, परिंदे, पिछली गर्मियों में, बीच बहस में

**65.** सुमेलित किजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) विश्रामपुर का संत | (i) भीष्म साहनी |
| (b) कड़ियाँ | (ii) श्रीनिवास दास |
| (c) परीक्षा गुरु | (iii) कुष्णा सोबती |
| (d) मित्रो मरजानी | (iv) श्रीलाल शुक्ल |

*कूट*:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**66.** कलकत्ते से 1854 में श्यामसुन्दर सेन के सम्पादकत्व में निकलने वाला हिन्दी दैनिक पत्र था—

(A) उदन्त मार्तण्ड
(B) बंगदूत
(C) सुधावर्षण
(D) प्रजामित्र

**67.** आलोचना में टी०एस० इलियट:

(A) स्वच्छंदतावादी थे

(B) आभिजात्यवादी थे

(C) अस्तित्ववादी थे

(D) उत्तर आधुनिक थे

**68.** 'आदिवासी दर्शन और साहित्य' की संपादिका हैं—

(A) वंदना टेटे

(B) एलिस एक्का

(C) ममांग दाई

(D) निर्मला पुतुल

**69.** रचनाकाल की दृष्टि से प्रेमचंद की कहानियों का सही क्रम है —

(A) सद्‌गति, शतरंज के खिलाड़ी, कफन, ईदगाह

(B) शतरंज के खिलाड़ी, सद्‌गति, ईदगाह, कफन

(C) ईदगाह, सद्‌गति, शतरंज के खिलाड़ी, कफन

(D) शतरंज के खिलाड़ी, ईदगाह, कफन, सद्‌गति

**70.** निम्नलिखित में से कौन भारतेंदु मंडल का नहीं है?

(A) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(B) श्रीधर पाठक

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) प्रतापनारायण मिश्र

**71.** *स्थापना* (*A*) : प्रयोगवाद केवल शिल्प का चमत्कार है।

*तर्क* (*R*) : प्रयोगवादी कविता में कई नये शिल्पगत प्रयोग किए गए हैं।

*कूट*:

(A) (*A*) गलत और (*R*) सही।

(B) (*A*) और (*R*) दोनों सही।

(C) (*A*) सही और (*R*) गलत।

(D) (*A*) और (*R*) दोनों गलत।

**72.** पश्चिमी हिंदी वर्ग की भाषा नहीं है:

(A) खड़ीबोली

(B) हरियाणवी

(C) बघेली

(D) ब्रजभाषा

**73.** रामविलास शर्मा के अनुसार 1857 ई० के स्वाधीनता संग्राम की पाँचवीं विशेषता है —

(A) असाम्प्रदायिक राष्ट्रीय रूप

(B) ब्रिटिशों की जीत

(C) उद्योग धन्धों का विकास

(D) देशी वस्तुओं का उपयोग

**74.** 'राही' कहानी में अनिता ने सपने में क्या नहीं देखा है?

(A) माँगरोरी लोगों के गाँव में पहुँचना

(B) गाँव में छोटा-सा आश्रम खोलना

(C) चोर लोगों का आदर्श ग्रामवासी बन जाना

(D) दुर्दशा से पीड़ित किसानों को

**75.** 'अमिता' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं?

(A) चित्रा मुद्‌गल

(B) यशपाल

(C) भगवतीचरण वर्मा

(D) वृन्दावनलाल वर्मा

**76.** ''गीतों की परम्परा तो सभ्य-असभ्य सब जातियों में अत्यन्त प्राचीनकाल से चली आ रही है। सभ्य जातियों ने लिखित साहित्य के भीतर भी उनका समावेश किया है। लिखित रूप में आकर उनका रूप पंडितों की काव्य-परम्परा की रूढ़ियों के अनुसार बहुत कुछ बदल जाता है''- किस का कथन है?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) शान्तिप्रिय द्विवेदी

**77.** नाटकों में संकलन-त्रय के उद्भावक माने जाते :

(A) सोफोक्लेस

(B) अरस्तू

(C) शेक्सपियर

(D) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

**78.** ''भाव तथा विचार के प्रति जीवन का विद्रोह है।''- जूलियन बेन्द्रा का यह कथन किस वाद से सम्बद्ध है?

(A) रूपवाद

(B) मानवतावाद

(C) अस्तित्ववाद

(D) मार्क्सवाद

**79.** प्रतिशोध और प्रेम की भावना किस कहानी के केन्द्र में है?

(A) अमृतसर आ गया है

(B) आकाशदीप

(C) राही

(D) उसने कहा था

**80.** स्थापना $(A)$: जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है। हृदय की इसी मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द-विधान करती आई है, उसे कविता कहते हैं।

तर्क $(R)$: क्यों कि कविता मनुष्य की आत्मा की अनासक्त बनाती है।

(A) $(A)$ और $(R)$ दोनों गलत।

(B) $(A)$ और $(R)$ दोनों सही।

(C) $(A)$ गलत $(R)$ सही।

(D) $(A)$ सही $(R)$ गलत।

**81.** हिन्दी साहित्य में 'हालावाद' का आगमन किस साहित्य से हुआ है?

(A) अंग्रेजी

(B) संस्कृत

(C) बांगला

(D) फारसी

**82.** चौगुना विशेषण है :

(A) क्रम संख्यावाचक

(B) आवृत्ति संख्यावाचक

(C) पूर्ण संख्यावाचक

(D) अपूर्ण संख्यावाचक

**83.** 'द एण्ड ऑफ द हिस्ट्री एण्ड द लास्ट मैन' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) सस्यूर

(B) फ्रांसिस फुकुयामा

(C) ल्योतार

(D) जॉक देरिदा

**84.** 'कोई नहीं जानता था कि कौन सा कदम ठीक होगा और कौन सा गलत। एक ओर पाकिस्तान बन जाने का जोश था तो दूसरी ओर हिन्दुस्तान के आज़ाद होने का जोश?'

ये वाक्य किस कहानी के हैं?

(A) दुनिया का सबसे अनमोल रत्न

(B) उसने कहा था

(C) सिक्का बदल गया

(D) अमृतसर आ गया है

**85.** ''हिंदुस्तान की आजादी हिंदुओं के लिए होगी, आजाद पाकिस्तान में ही मुसलमान आजाद होंगे।''

यह अंश किस उपन्यास का है?

(A) झूठा सच

(B) राग दरबारी

(C) टोपी शुक्ला

(D) तमस

**86.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) हिन्दी साहित्य की भूमिका | (i) परशुराम चतुर्वेदी |
| (b) हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास | (ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| (c) उत्तर भारत की संत परंपरा | (iii) बच्चन सिंह |
| (d) हिन्दी साहित्य का दुसरा इतिहास | (iv) रामकुमार वर्मा |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**87.** 'एक साहित्यिक की डायरी' में किस अनुक्रम का उल्लेख नहीं है?

(A) कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी

(B) विशिष्ट और अद्वितीय

(C) काव्य की रचना प्रक्रिया

(D) सड़क को लेकर एक बातचीत

**88.** 'हमें' सर्वनाम में कौन–सा कारक है?

(A) कर्म

(B) सम्प्रदान

(C) सम्बन्ध

(D) अधिकरण

**89.** निम्नलिखित में 'तीसरी कसम' का पात्र कौन नहीं है?

(A) हिरामन

(B) बिरजू

(C) लालमोहर

(D) पलट दास

**90.** भीष्म साहनी के उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(A) तमस, बसंती, कुंतो, झरोखे

(B) झरोखे, तमस, बसंती, कुंतो

(C) बसंती, कुंतो, झरोखे, तमस

(D) कुंतो, झरोखे, तमस, बसंती

**91.** निम्नलिखित कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) बादल राग | (i) सुमित्रानंदन पंत |
| (b) युगधारा | (ii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' |
| (c) युग की गंगा | (iii) नागार्जुन |
| (d) ताज | (iv) केदारनाथ अग्रवाल |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**92.** 'नयी समीक्षा' से संबद्ध समीक्षक हैं :

(A) जॉन क्रो रैंसम

(B) बेन जॉनसन

(C) बेनेदेत्तो क्रोचे

(D) जैक देरिदा

**93.** 'मुर्दहिया' आत्मकथा के अनुक्रम का शीर्षक अकाल से सम्बद्ध है —

(A) अकाल और जीवन

(B) अकाल में धीरज

(C) अकाल और मनुष्यता

(D) अकाल में अंधविश्वास

**94.** 'दुलाईवाली' कहानी प्रथम बार किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(A) सरस्वती

(B) चाँद

(C) सुधा

(D) रूपाभ

**95.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) धर्मवीर भारती | (i) बबूल और कैक्टस |
| (b) रामदरश मिश्र | (ii) मानव सभ्यता का विकास |
| (c) राम विलास शर्मा | (iii) महाकवि की तर्जनी |
| (d) कुबेरनाथ राय | (iv) ठेले पर हिमालय |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**96.** निम्नलिखित संस्थाओं को उनके स्थान के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची*–I | *सूची*–II |
|---|---|
| (a) फोर्ट विलियम कॉलेज | (i) नई दिल्ली |
| (b) केन्द्रीय हिंदी निदेशालय | (ii) वाराणसी |
| (c) नागरी प्रचारिणी सभा | (iii) इलाहाबाद |
| (d) हिंदी साहित्य सम्मेलन | (iv) कोलकाता |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**97.** दक्षिनी हिंदी की गद्य रचना 'सबरस' के लेखक हैं :

(A) बन्दानवाज

(B) मुल्लावजही

(C) शाहबाज हुसैनी

(D) बुरहानुद्दीन जानम

**98.** "मैं सब बुराई ओढ़े रहूँगी पर तुम्हें बुरा न कहने दूँगी, न ही बुरा बनने दूँगी।"

यह कथन किसका है?

(A) रमणिका गुप्ता

(B) शिवरानी देवी

(C) मन्नू भंडारी

(D) कृष्णा सोबती

**99.** स्थापना (*A*) : "दरअसल पचास के आसपास हिन्दी कहानी के क्षेत्र में जिस 'नयेपन' ने जन्म लिया, वह कोई चमत्कृत कर देनेवाला तत्त्व न होकर सहज और स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो अपनी साहित्यिक पृष्ठभूमि का परिणाम है।"

तर्क (*R*) : काल गतिमान है, अत: परिवर्तन अनिवार्य है और जीवन का पर्याय भी।

(A) (*A*) सही, (*R*) गलत

(B) (*A*) सही, (*R*) सही

(C) (*A*) गलत, (*R*) सही

(D) (*A*) गलत, (*R*) गलत

**100.** "पूर्ण-मुकुट" के रचनाकार कौन हैं?

(A) शिवप्रसाद सिंह

(B) रमेश चंद्र शाह

(C) कुबेरनाथ राय

(D) राम अवध शास्त्री

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**